तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 10 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 अंचल में धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

12 स्वच्छता दीदियों एवं महिला मोर्चा की बहनों...


## खबर संक्षेप



### भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षा बंधन हर्षोल्लास से मनाया

**थानखमरिया।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन शनिवार को नगर एवं ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर में रौनक और चहल-पहल देखने को मिली। सुबह विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद बहनों ने अपने भाइयों की आरती उतारी, कलाई पर राखी बांधी और उनके सुख-समृद्धि एवं लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी प्रेम और वचन का मान रखते हुए बहनों को उपहार भेंट किए। रंग-बिरंगी रेशमी डोर से सजे राखियों में कहीं चांदी, कहीं मोती जड़े डिजाइन प्रेम और स्नेह की चमक बिखेर रहे थे। इस अवसर पर भाई की कलाई पर दमकता बहन का प्यार रिश्तों की मजबूती का संदेश देता नजर आया। रक्षाबंधन का यह पावन पर्व हर घर में स्नेह, विश्वास और सुरक्षा के वचन की अनमोल मिसाल पेश करता रहा।

### छात्राओं और शिक्षिकाओं ने प्रधानपाठक को बांधी राखी



**बेमेतरा।** रक्षाबंधन के पूर्व संध्या पर प्राथमिक शाला बैजी में बच्चों ने व शिक्षिकाओं ने अपने प्रधान पाठक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे को राखी बांधी। साथ ही छात्राओं ने छात्रों और शिक्षिकाओं को भी राखी बांधी। राखी के पूर्व संध्या पर बच्चों ने रक्षाबंधन की पवित्र त्यौहार को सेलिब्रेट किया। प्रधान पाठक ईश्वरी प्रसाद घृतलहरे ने भी सभी बच्चों को पेन गिफ्ट कर रक्षाबंधन त्योहार की बधाई दी। इस अवसर पर शिक्षिका ऊनिशा सिन्हा, भारती वर्मा ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए रक्षाबंधन त्योहार की बधाई दी।

### स्कूली छात्रों में मारपीट आईसीयू में भर्ती

**भिलाई।** स्कूल के दो छात्रों में जमकर मारपीट होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध कायम किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि डीएवी आर्य नगर दुर्ग का छात्र अरमान खान है। लंच समय पर वाशरूम जाते समय अरमान पर हमला कर दिया। हमले में अरमान के शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई है। 7 अगस्त को अरमान खान वाशरूम जा रहा था।

# रक्षाबंधन पर्व : शुभ मुहूर्त पर बहनों ने बांधी राखी, भाइयों ने दिया रक्षा का वचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को जिलेभर में हर्ष-उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर, कस्बों और गांवों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बहनों ने परंपरागत तरीके से भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना की। बदले में भाइयों ने बहनों को उपहार और आशीर्वाद दिया।

पर्व को लेकर शुक्रवार रात से ही मिठाई, राखी और उपहार की दुकानों में भीड़ शुरू हो गई थी। शनिवार सुबह से मुख्य बाजार, नया बस स्टैंड, पुराना बाजार आदि क्षेत्र में लोगों की आवाजाही बढ़ गई। राखियों की दुकानों पर विभिन्न डिजाइन की

## दिनभर रही भीड़, देर रात तक चला राखी बांधने का सिलसिला



### देर रात तक चलता रहा सिलसिला

शहर और गांवों में बहनें दिनभर भाइयों के घर पहुंचती रहीं। कई जगह बहनों का आगमन शाम के बाद भी जारी रहा। कुछ परिवारों में राखी बांधने का सिलसिला रात 11 बजे तक चलता रहा। घरों में मेहमानों के स्वागत के लिए पकवान और मिठाइयों का दौर भी देर रात तक चला।





राखियां खरीदी गईं। कॉटन, जरी, मोती और कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों की ▶▶|शेष पेज 10 पर

# सुरहोली में स्काई लार्क हैचरीज के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक के तहत आने वाले सुरहोली गांव में स्काई लार्क हैचरीज के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि हैचरी से निकलने वाली मुर्गियों की गंदगी और बदबू ने उनका जीना मुश्किल कर दिया है। इसके चलते सुरहोली, नवागांव, खुड़मुड़ा और अकोली के लोग लगातार परेशान हैं।

- खुले में डंप मुर्गीयों का बिट, बदबू एवं गंदगी से ग्राम सुरहोली, नवागांव, खुड़मुड़ा, अकोली के ग्रामीण परेशान

यह मामला 2024 में भी सामने आया था, जब हैचरी के पास खुले में बड़ी मात्रा में मुर्गियों की गंदगी (बिट) डंप की गई थी। उस समय, ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया और भिंभौरी तहसील से लेकर बेरला के अनुविभागीय अधिकारी तक को ज्ञापन सौंपा था।

भिंभौरी तहसीलदार सुभाष शुक्ला की मौजूदगी में हैचरी प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच एक समझौता हुआ था। इसमें हैचरी ने कई मांगों पर सहमति जताई थी, जिनमें ये प्रमुख थीं: कोई नई इकाई स्थापित नहीं की जाएगी।

मुर्गियों की गंदगी खुले में डंप नहीं की जाएगी। बायोगैस संयंत्र को ठीक से चलाया जाएगा। सड़क निर्माण और गांव के आर्थिक विकास में मदद की जाएगी।

इस समझौते के बाद हैचरी का काम जारी रहा। 27 नवंबर को पर्यावरण विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण किया, तो उन्होंने खुले में गंदगी का ढेर, बदबू और लाल मक्खियां पाईं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि हैचरी का गंदा पानी नाले में बहाया जाता है।

जनवरी और फरवरी 2025 में पर्यावरण विभाग ने दोबारा जांच की। इस बार अधिकारियों ने पाया ▶▶|शेष पेज 10 पर



### नई इकाई का निर्माण और प्रशासन की चुप्पी

ग्रामीणों की आपत्तियों के बावजूद, स्काई लार्क हैचरी ने एक नई इकाई का निर्माण शुरू कर दिया। इस पर ग्रामीणों ने 23 मई को सुशासन तिहार के दौरान बेमेतरा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो उन्होंने 31 जुलाई को फिर से एसडीएम बेरला को ज्ञापन दिया। इसके बावजूद, नई इकाई का निर्माण कार्य नहीं रुका। ग्रामीणों ने एक बार फिर बेमेतरा कलेक्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर मदद की गुहार लगाई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सुरहोली, खुड़मुड़ा, नवागांव और अकोली के किसान और ग्रामीण लगातार हैचरी की गंदगी और बदबू से परेशान हैं। ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और उनका कहना है कि प्रशासन इस मामले में कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# खाद की किल्लत और अल्पवर्षा बनी किसानों के लिए परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में पिछले कुछ दिनों से मानसून ब्रेक की वजह से सीधा असर खेती पर देखने को मिल रहा है। सामान्य बारिश के साथ ही जिले के इलाकों में बारिश की गतिविधिनों में कमी आने से फसल ग्रोथ प्रभावित हो गई है। खाद की दिक्कतों से परेशान किसानों को बारिश की चिंता सताने लगी है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार आगामी 48 घंटे में बारिश का सिस्टम एक्टिव हो रहा है। जिससे बारिश को गतिविधियों में इजाफा देखने को मिलेगा।

- एक सफ्ताह में सिर्फ 8 मिमी बारिश, मौसम विभाग अनुसार दो दिन बाद झमाझम बारिश के आसार

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुमार मन्सून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर



फिरोजपुर, चंडीगढ़, देहरादून, खैरी, पटना, बांकुरा, दीया और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व और उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चायेग चक्रवाती परिसंचरण बांग्लादेश, पश्चिम बंगाल तट तथा उससे लगे उत्तर पश्चिम बंगाल को खाडी के अऊफ 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक दीपिका उत्तरपूर्व उत्तरप्रदेश से दक्षिण बांग्लादेश तक झारखंड, गंगेटिक पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग से होते 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

# अकोला शाला में मना रक्षाबंधन का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा विकास खंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में भाई बहन के पवित्र रिश्ते का त्यौहार रक्षाबंधन मनाये, शाला के प्रधान पाठक हिमकल्याणी सिन्हा बच्चों कों बताई की यह त्यौहार श्रावण मास के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है, इस दिन बहन भाई की कलाई पर राखी बांधती है और उसकी खुशहाली समृद्धि की कामना करती है, भाई अपनी बहनों को मुसीबत से बचाने एवं रक्षा करने की वचन देते है, उन्होंने आगे बताई की रक्षाबंधन के पीछे कई पौराणिक कथाएँ है, एक कथा के अनुसार ज़ब भगवान श्री कृष्ण के ऊँगली में चोट लग गयी थी, तो द्रोपदी ने अपनी साड़ी के पल्लू फाड़कर उनकी ऊँगली पर बांधा था। शाला में थाल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किए जिसमें बालिकाएं सुंदर थाल सजाई सभी बालकों कों राखी बांधी मिठाई खिलाई भाई अपने बहनों कों उपहार भेंट किए, साथ ही शिक्षकों कों भी राखी बाँधी, थाल सजाओ प्रतियोगिता में दुलेश्वरी ध्रुवे कक्षा-4 प्रथम स्थान, लीलम पटेल कक्षा-4, द्वितीय स्थान, तुलेश्वरी सेन कक्षा 5 तृतीय स्थान प्राप्त की प्रतिभागी बच्चों को उपहार प्रदान किए, इस अवसर पर सहायक शिक्षक हेमलता ठाकुर, डाकवर ठाकुर, मीना यादव उपस्थित रही सभी हर्षोउल्लास के साथ शाला में रक्षाबंधन का पर्व मनाये।



## चुहका विद्यालय में मना रक्षाबंधन का पर्व

**बेमेतरा।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चुहका में रक्षाबंधन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान राखी प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने कला शिक्षा के अंतर्गत अपने स्वयं से स्थानीय चीजों को इकट्ठा कर आकर्षक राखी बनायी, जिसमें प्राथमिक शाला से शारदा पटेल प्रथम व काव्या यादव द्वितीय स्थान पर रहे। पूर्व माध्यमिक शाला से राखी प्रथम स्थान व सिध्दी पटेल द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। पर्स व पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। बच्चों ने भाई की आरती उतारकर माथे पर तिलक लगाई एवं कलाई में रक्षासूत्र बांधकर मिठाई खिलायी। कलाई में राखी बांधी एवं भाइयों ने आशीर्वाद स्वरूप बहनों के रक्षा करने का संकल्प लिया। मुख्य अवसर पर प्रधान पाठिका मंजू लता धुर्वे ने रक्षाबंधन के ऐतिहासिक महत्व के बारे में बताया। प्राथमिक शाला प्रधान पाठक रिखी राम यादव ने कहा कि रक्षांबधन संस्कृत शब्द से लिया गया है। रक्षा का अर्थ है सुरक्षा व बंधन का अर्थ बांधना। इसलिए यह त्योहार सुरक्षा व बंधन का प्रतीक है। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में शिक्षक दीपक राजपूत व किशन लाल ठाकुर उपस्थित रहे।



## शहर के मुख्य से लेकर अंदरूनी मार्गों में आवागमन की बढ़ी परेशानी

# सड़क पर घुमंतू मवेशियों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय की लगभग हर सड़क व चौक-चौराहे में मवेशी वाहन चालकों व राहगीरों के लिए खतरा साबित हो रहा हैं। यह समस्या शहर के अंदरूनी इलाकों में भी देखने को मिल रही है। बारिश शुरू होने के बाद से सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा बढ़ गया है, जिससे लोग लगातार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कई बार स्थिति ऐसी बन जाती है कि सड़क पार करने वाहन मालिकों को गाड़ी से उतरकर मवेशियों को हटाना पड़ता है। जिम्मेदारों को इस विकट समस्या की जानकारी है, क्योंकि आम लोगों की आवाजाही के लिए बने उसी सड़क से यह आना जाना करते हैं। इसके बाद भी इस समस्या को दूर करने नगर पालिका व प्रशासन प्रभावी कदम नहीं उठा पाया है। बहरहाल मवेशियों के स्वच्छंद विचरण से आवागमन बाधित होने के साथ राहगीरों को आने जाने में मवेशियों का भय बना रहता है।



### राहगीर हो रहे दुर्घटना का शिकार

**मटेरियल भी आवाजाही बाधित कर रहा-** शहर में घुमंतु मवेशियों के जगह-जगह झुंड से लोग परेशान है। वहीं सड़क पर मकान दुकान निर्माण का मेटेरियल भी सुगम आवाजाही में समस्या बना हुआ है। भवन निर्माण को लेकर नगर पालिका अनुज्ञा जारी करता है, इसलिए उन्हें पता है कि शहर में कहां कहां किनका निर्माण कार्य चल रहा है, इसलिए उनकी जिम्मेदारी बनती है कि समय समय पर मानीटरिंग करें कि अनुज्ञा की शर्त अनुरूप मकान दुकान बन रही है अथवा नहीं।

**मवेशी मालिकों पर कार्रवाई नहीं, कार्रवाई के निर्देशों की अनदेखी-** शहर में आवारा मवेशियों और बेतरतीबी से बड़े वाहनों पर ▶▶|शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### मैत्री कॉलेज में मनाई गई प्रेमचंद जयंती

**भिलाई।** मैत्री कालेज और प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग द्वारा मैत्री कालेज रिसाली के सभागार में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि कथाकार लोकबाबू, प्रगतिशील लेखक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष परमेश्वर वैष्णव, रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव, शायर मुमुताज व कमलेश वर्मा थे। मैत्री एजूकेशनल एवं कल्चरल एसोसिएशन की अध्यक्षराज सुधाकरण ने स्वागत भाषण दिया। लोकबाबू ने प्रेमचंद की कहानियों का विश्लेषण कर संदेशपरक बताया। परमेश्वर वैष्णव ने प्रेमचंद के जीवन व रचनाओं को प्रेरक निरुपित किया। रवि श्रीवास्तव ने बच्चों से समाज परिवर्तन के लिए प्रेमचंद की रचनाओं को पढ़ने और उनके आदर्श को आत्मसात करने का आह्वान किया। कालेज की प्राचार्य डां. सुरेखा विनोद पाटिल ने प्राध्यापक वृंद व एमएडबीएड कालेज के प्रशिक्षणार्थियों को सार्थक आयोजन के लिए सराहा। ने महाविद्यालय के बीएड विद्यार्थियों द्वारा मुंशी प्रेमचंद की कहानियों, जीवन संघर्ष और भाषआ शैली पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन रीडर अपूर्वा शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में कालेज के विद्यार्थी, प्राध्यापक व साहित्यकार उपस्थित थे।

### शहर में निर्माण कार्यों के लिए 60 लाख स्वीकृत

**दुर्ग ।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग शहर विधानसभा के 4 कार्यो के लिए 60 लाख रूपए स्वीकृत किया गया है। विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी जानकारी अनुसार विख दुर्ग अंतर्गत वार्ड क्र. 09 में शीतला मंदिर के पास तथा वार्ड क्र. 05 में मंदिर के पास डोम शेड निर्माण के लिए 20-20 लाख रूपए और वार्ड क्र. 09 में तथा वार्ड क्र. 05 में मंच निर्माण व अहाता निर्माण कार्य के लिए 10-10 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### थनौद के पास बने बोगदा की बढ़ेगी ऊंचाई

**दुर्ग।** भारतमाला परियोजना के अंतर्गत टेडेसरा से थनौद, उतई, पाटन के रास्ते अभनपुर होकर नया रायपुर से जुड़ने वाले नए सिक्सलेन का काम इन दिनों तेजी से जारी है। करीब 92 किलोमीटर की इस सड़क के निर्माण को लेकर कई अनियमितताएं सामने आ रही है। ऐसा ही एक मामला पिछले दिनों ग्राम थनौद के पास सामने आया, जहां बोगदा पुल इतना छोटा बनाया गया है, कि वहां से बड़े वाहन नहीं गुजर पा रहे हैं। इसे लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति की। इसके बाद ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने शुक्रवार को स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को मौके पर बुलवाया। तत्काल व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए। इसके बाद रोड से बोगदा की ऊंचाई साढ़े 5 फीट किए जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बारिश के दिनों में वैकल्पिक मार्ग के लिए जीरा गिट्टी डालकर रास्ता बनाया गया। सरपंच मेनका देशमुख, जनपद सदस्य संगीता साहू, दिनेश देशमुख, मोहन हरमुख, राधेश्याम चक्रधारी, लुकेश, गिरधर, मिलन चक्रधारी, रामचंद्र कुंभकार, मोरध्वज चक्रधारी सहित अन्य मौजूद थे।

## लापरवाही : ई-पाश मशीन में आई तकनीकी खामी, शक्कर के लिए कतारें

# आठ दिन से राशन दुकानों में ई-पाश मशीन बंद तीन महीने का चावल बांटने के बाद ऐसी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पिछले आठ दिनों से राशन दुकानों का ई पॉश मशीन बंद है। एक साथ तीन महीने का चावल बांटने के बाद इस तरह की दिक्कतें सामने आई है। एक अगस्त से हितग्राफी शक्कर लेने के लिए आ रहे हैं लेकिन ज्यादातर राशन दुकानों में ताला लटका हुआ है। जो दुकानें खुली है वहां ई पाश मशीन काम नहीं करने की वजह से लौटना पड़ रहा है। दुर्ग जिले में रिसाली, मरोदा, रूआबांधा, कैंप क्षेत्र, दुर्ग सहित 609 राशन दुकानें संचालित हैं। इन दुकानों में राशन लेने वाले 3 लाख 2644 राशनकार्डधारी हैं।

### राशन दुकान पहुंच रहे हितग्राही



### राशन दुकानों से बैरंग लौटाया जा रहा

**केस 1**

**दो माह से नहीं मिली शक्कर**

स्टेशन मरोदा में चार राशन दुकानें संचालित हैं। हर दुकानों में निर्धारित से ज्यादा राशनकार्डधारी हैं। यानी 16 हजार राशनकार्डधारियों को पिछले दो महीने का शक्कर नहीं मिला है। हितग्राही मालती बाई, सुखिया बाई, मनीषा साहू , फूलकुंवर आदि ने बताया कि तीन महीने का चावल तो मिल गया है लेकिन शक्कर अगस्त महीने का ही नहीं मिला है। हर दिन दुकान आते हैं लेकिन यह कहा जाता है कि ई पॉश मशीन ही बंद है।

**केस 2**

**काम नहीं कर रही मशीन**

रिसाली टंकी मरोदा, मैत्री गार्डन के पास, रिसाली सेक्टर , रूआबांधा बस्ती शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में राशनकार्डधारी पहुंच रहे हैं। हितग्राही संतोष कुमार, अमित, शैलेष, कुमारी बाई, कौशल्या बाई आदि ने बताया कि राशन दुकान में शक्कर नहीं दिया जा रहा है। ई पाश मशीन ही काम नहीं कर रहा। इसलिए शक्कर नहीं मिल रहा।

**कहीं दुकानें बंद तो कहीं खुली है तो लौट रहे**

हितग्राहियों ने बताया कि रोजाना दुकान खुल नहीं रही है। एक दिन जाते हैं तो दूसरे दिन बंद मिलता है। जिसकी वजह से पिछले आठ दिनों से दुकानों का चक्कर काट रहे हैं। इसके पहले तीन महीने का एक साथ राशन लेने के लिए कई बार चक्कर काटे। दुकानों में चावल का पर्याप्त स्टॉक ही नहीं भेजा गया था। जैसे-तैसे चावल की समस्या दूर हुई है।

**बाजार से दोगुने दाम पर शक्कर लेने की मजबूरी**

सहकारी उचित मूल्य की दुकान में शक्कर नहीं मिलने से हितग्राहियों को बाजार में दोगुनी कीमत चुकानी पड़ रही है। हितग्राहियों ने बताया कि राशन दुकानों मे प्रति किलो शक्कर 17 रुपए मिलता है। बाजार में एक किलो शक्कर 44 रुपए है। इस तरह दोगुनी कीमत से ज्यादा पैसे देने पड़ रहे हैं।

**दिखवाता हुं क्या प्रॉब्लम है**

राशन दुकानों में ई पाश मशीन बंद होने की सूचना मुझे नहीं मिली है। क्या प्राब्लम है उसे दिखवाता हूं। ऐसी जानकारी आपसे मुझे मिल रही है।

-अनुराग भदौरिया, नियंत्रक खाद्य विभाग दुर्ग

## राहुल गांधी को झूठे एजेंडा चलाने पर देश से माफी मांगनी चाहिए : सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर वोट चोरी को लेकर लगाए गए प्रश्न चिन्ह को निराधार और अलोकतांत्रिक बताया है। उन्होंने राहुल गांधी को तीखा जवाब देते हुए कहा कि चुनाव आयोग पर उनके दावे फर्जी और पूर्ण रूप से अनर्गल हैं।

देश में चुनाव आयोग की छवि धूमिल करने का कुप्रयास है, जो उनके राजनीतिक हताशा को दर्शाता है। सरोज पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के साथ भाजपा पर अनर्गल आरोप लगाएं हैं। वोटों का विषय चुनाव आयोग से संबंधित है। इस पर चुनाव आयोग ने राहुल गांधी से शपथ पत्र मांगा है, यदि उनके दावे सत्य हैं तो उन्हें शपथ पत्र देना चाहिए। वरना इसके लिए देश से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।

इससे पहले भी राहुल गांधी अपने बचकाने हरकत से झूठे एजेंडों को लेकर घिर चुके हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने जब राहुल गांधी को यह दावा करने के लिए फटकार लगाई कि चीन ने भारतीय क्षेत्र के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक सच्चा भारतीय ऐसी टिप्पणी नहीं करेगा। सरोज पाण्डेय ने कहा चुनावों में हार-जीत होती रहती है। देश में विपक्ष में लंबे समय तक किसी पार्टी ने जिम्मेदारी निभाई है तो वह भारतीय जनता पार्टी है, भाजपा ने सबसे लंबे कालखंड तक विपक्ष में रहते हुए जनसेवा की है।

### उच्चतम न्यायालय के पत्रों पर सावधानी से कार्रवाई के निर्देश

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सर्व विभागों के प्रमुख अधिकारियों को उच्च और उच्चतम न्यायालय से प्राप्त होने वाले पत्रों पर निर्धारित समय भीतर त्वरित गति से और सावधानीपूर्वक कार्रवाई निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने कहा है कि सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए जाएं, ताकि न्यायालय से प्राप्त पत्रों पर समय रहते, पूरी सतर्कता के साथ काम किया जा सके और किसी भी तरह की लापरवाही से बचा जा सके।

## नहीं खुलने देंगे खुड़मुड़ा में शराब भट्टी, धरना प्रदर्शन को पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन



दुर्ग जिला अंतर्गत नगर पालिका परिषद अमलेश्वर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 05 खुड़मुड़ा में प्रस्तावित शराब भट्टी को नहीं खोलने की मांग

- महिलाओं ने राखी बांधकर पूर्व सीएम का किया स्वागत

को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है। नगर विकास समिति खुरमुड़ा एवं वार्ड क्रमांक 4 ,5 ,6, 7 के अध्यक्ष रामकुमार सोनकर, उपाध्यक्ष राधेश्याम जोशी और चिंतामणि सोनकर के संयुक्त नेतृत्व में जारी आंदोलन के धरना स्थल पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक भूपेश बघेल समर्थन देने पहुंचे। जहां युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोशीला स्वागत किया वहीं धरना में उपस्थित पार्षद वार्ड 06 ललिता कुमार साहू, ईश्वरी सोनकर, अनु सोनकर, अशोक घिघोड़े, जानी सोनकर आदि ने रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष में राखी बांधकर स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार आम जनता को सुविधा देने के बजाय संकट में डाल रही है बिजली बिल हाफ योजना को समाप्त कर दिया गया है। स्कूल बंद किए जा रहे हैं और शिक्षकों का पद समाप्त कर दिया गया है। वर्तमान में लगभग 700 शराब भट्टी है जिसे डबल कर 1400 कर दिया है। जहां देशी था वहां विदेशी शराब भट्टी भी खोल दी गई है।

श्री बघेल ने कहा कि इस गांव में शराब भट्टी की आवश्यकता बिल्कुल ही नहीं है क्योंकि यहां से 01 किलोमीटर दूरी में भाठागांव में शराब दुकान पूर्व से संचालित है। उन्होंने कहा कि आप लोगों के धरना प्रदर्शन में मैं समर्थन करता हूं निश्चित रूप से शराब भट्टी नहीं खुलना चाहिए ऊपर से सरकार द्वारा किसानों के लिए खाद की समुचित व्यवस्था नहीं कर पा रही है। मौके पर दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सभापति मोनू मोरध्वज साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पूर्व पार्षद ओंकार घिघोड़े, धर्मेंद्र साहू, जीवन नंदन वर्मा ,कल्याण साहू, अमृत सिंह राजपूत, चिंतामणि सोनकर, राधेश्याम जोशी, पार्षद भेजलाल सोनकर, पालिका नेता प्रतिपक्ष दीपक घिघोड़े, घनश्याम साहू, पूरन साहू आदि मौजूद थे।

### माँ जगतारण काली दुर्गा मंदिर में मूर्ति स्थापना



**दुर्ग।** माँ जगतारण काली दुर्गा मंदिर समिति उरला वार्ड 58 के तत्वावधान में गुरुवार को मंदिर की निर्मात्री रागिनी देवी की मूर्ति स्थापित की गई। मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार, विधायक गजेन्द्र यादव, सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी रजनी बघेल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, भाजपा के पूर्व प्रवक्ता सच्चिदानंद उपासने मौजूद थे। इस दौरान अतिथि वक्ताओं ने कहा कि गुरुजी सुशील कहार ने अपनी पत्नी को हमेशा देवी की तरह माना और उनकी स्मृति को चिरस्थायी रखने का प्रयास किया है वह सराहनीय है। यह उनके उच्च आदर्श को दर्शाता है। यह अनुकरणीय है। अतिथियों को मूर्ति स्थापना के बाद स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुलाब सिंह, सागर कहार, आकाश कहार आदि मौजूद थे।

## विधायक गजेन्द्र ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण, मरीजों व दवाइयों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला अस्पताल दुर्ग का शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने निरीक्षण कर भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाक़ात कर उनकी कुशलक्षेम जाना और अस्पताल में ईलाज,

- 20 रुम का पेइंग वार्ड भी बनेगा

दवाई और स्वास्थ्य कर्मियों के व्यवहार को लेकर फीडबैक लिए। उन्होंने क्रमशः ओपीडी के आर्थो, आँख, न्यूरो, हड्डी, पर्ची काउंटर और मेडिसिन वार्ड पहुंचकर चिकित्सकीय स्टॉफ से मरीजों की संख्या, संसाधनों का फीडबैक लेकर मरीजों का त्वरित ईलाज करने की बात कहे। सिटी स्कैन, एक्सरे जैसे मशीनों उचित देखरेख, पैथलॉजी के उपकरण की जानकारी लिए। औचक निरीक्षण में जिला अस्पताल पहुंचे विधायक गजेन्द्र यादव ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों को उत्तम चिकित्सा सुविधाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाए। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन और सीएचएमओ को ओपीडी के सभी विभागों में डॉक्टर व स्टॉफ निर्धारित समय पर उपस्थिति देने कहा। दवाईयों की उपलब्धता और मेडिकल उपकरणों की जानकारी ली।



**मदर एंड चाइल्ड यूनिट का होगा विस्तार**

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की जिला अस्पताल में मदर एंड चाइल्ड यूनिट वार्ड का विस्तार करने नई बिल्डिंग की स्वीकृति हो चुकी जल्द ही टेंडर प्रक्रिया के बाद निर्माण प्रारंभ होगा। इससे मातृ एवं नवजात शिशुओं की देखभाल की सुविधा में और इजाफा होगा। इसके अलावा पेइंग वार्ड बनाया जाएगा जिसमें 25 फोर बेड और डबल बेड वाला 20 रूम, 5 स्वीट रूम भी बनेगा। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, पार्षद शिव नायक, गुड्डू यादव, कमल देवांगन, कुलेश्वर साहू, अनूप गटागट, हिमांशु सिंह, सीएचएमओ डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन डॉ. आशीष मिंज, डॉक्टर एवं अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे।

## हायर सेकंडरी में पालक-शिक्षक बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में शैक्षणिक सत्र 2025–26 का प्रथम पालक–शिक्षक बैठक शासन के निर्देशानुसार सम्पन्न हुआ।

बैठक की शुरुआत शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, प्राचार्य शेष नारायण वर्मा एवं राजेश शर्मा ने मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। सर्व प्रथम प्राचार्य वर्मा ने पालकों का स्वागत करते हुए पालक शिक्षक मेगा सम्मेलन की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा किया।

अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू ने बच्चो के सर्वागीण विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने पालको से कहा है बच्चों के विकास के लिए पालको की अहम भूमिका होती है बच्चों की बुनियाद को सही रखने के लिए नीव मजबूत बनाना होगा पालको ने अपना सुझाव रखा और कहा शिक्षक और पालक मिलकर बच्चों के उपर ध्यान दे तो सर्वांगीण विकास हो सकता है।उन्होने उपस्थित पालको से कहा कि जो पालक बैठक मे नही आए है उनको बैठक मे हुए चर्चा को अवगत कराए, व्याख्याता खेमराज साहू ने घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सिखा और बच्चा बोलेगा बेझिझक पर बिन्दुवार विस्तृत चर्चा किया। व्याख्याता गजेन्द्र यदु ने न्योता भोज पर चर्चा करते हुए कहा कि न्योता भोज की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह कार्यक्रम विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों पर जैसे जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, राष्ट्रीय पर्व आदि अवसरों पर शाला के बच्चों को पौष्टिक व रुचिकर भोजन उपलब्ध कराने की एक अच्छी पहल है, साथ ही पांक्सो एक्ट 2012 पर विस्तृत चर्चा किया। पीएल देशमुख ने बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, जाति आय निवास प्रमाणपत्र पत्र चर्चा किया। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक चुकाराम नागवंशी, भानु साहू, परमानंद साहू, राजेश शर्मा, दुष्यंत कुमार साहू, आशीष साहू, लमेश्वर साहू, भुवनेश्वर कतलम, मनोहर ठाकुर, अरुणा ठाकुर, जया देवांगन दानी राम महेंद्र कुमार, श्यामली बंजारे, अंजनी पटेल, हेमिन साहू, सहित सैकड़ों पालकगण उपस्थित थे।

### पीएम सूर्य घर योजना : 10 से 14 तक दुर्ग-भिलाई में लगेंगे शिविर

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत रुफटॉप सोलर प्लांट लगाने के इच्छुक विद्युत उपभोक्ताओं के लिये दुर्ग-भिलाई में 10 से 14 अगस्त तक पंजीकरण शिविर लगाए जा रहे है। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को इस योजना की जानकारी देना और मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध कराना है। इन शिविरों में सुबह 10 बजे से ही उपभोक्ता भाग ले सकेंगे। शिविर स्थल 10 अगस्त को तालपुरी-ए ब्लॉक रिसाली जोन, 11 अगस्त सियान सदन नेहरू नगर जोन महेश कॉलोनी दुर्ग, बघेरा जोन कुशाभाऊ ठाकरे भवन जवाहर नगर जोन, दुर्ग एवं काली मंदिर रोड सामुदायिक भवन चरोदा भिलाई-चरोदा जोन, 12 अगस्त नगर निगम हॉल दुर्ग टाउन जोन में लगाया जाएगा।

## भंडारा और रैली के बाद कचरा फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहर क्षेत्र का किया निरीक्षण किया। उन्होंने धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के बाद शहर में फैलने वाली गंदगी पर कड़ा रुख अपनाते हुए सभी आयोजन समितियों को पत्र जारी कर चेतावनी दी है कि कार्यक्रम के दौरान या बाद में सार्वजनिक स्थलों पर फैलने वाला कचरा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं निपटान नियम 2016 का उल्लंघन है और इसके लिए आयोजक पूरी तरह जिम्मेदार होंगे।

निगम के अनुसार शहर में समय-समय पर धार्मिक भंडारे, शोभायात्रा, रैली और सामाजिक सभाओं का आयोजन किया जाता है।

पेज 9 के शेष...

### रक्षाबंधन पर्व...

खूब बिक्री हुई। मिठाई की दुकानों पर रसगुल्ला, गुलाब जामुन, बरफी और लड्डू की मांग सबसे अधिक रही। कई दुकानों के सामने ग्राहकों की लंबी कतारें लगीं।

**वाहनों की भीड़ रही–** दिनभर शहर के मुख्य मार्गों पर वाहन रेंगते नजर आए। ऑटो, बाइक और चारपहिया वाहनों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक रही। यातायात पुलिस ने बस स्टैंड, बाजार चौक और प्रमुख मोड़ों पर अतिरिक्त जवान तैनात किए, ताकि जाम की स्थिति न बने। इसके बावजूद दोपहर और शाम को कुछ स्थानों पर धीमी गति से यातायात चला। **गांवों में रहा उत्साह–** ग्रामीण अंचलों में भी पारंपरिक उल्लास के साथ पर्व मनाया गया। बहनें सज-धजकर भाई के घर पहुंचीं। कई घरों में पूरे परिवार ने मिलकर भोजन किया और सांझ तक मिलन-मुलाकात का सिलसिला चलता रहा। जिन भाइयों-बहनों के घर दूर थे, उन्होंने फोन और ऑनलाइन माध्यम से शुभकामनाएं दीं।

### सुरहोली में स्काई...

कि खुले में गंदगी नहीं है और बदबू भी नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि बायोगैस संयंत्र पर काम शुरू हो चुका है। हालांकि, ग्रामीण इस जांच से संतुष्ट नहीं थे, क्योंकि उन्हें अभी भी गंदगी और बदबू से परेशानी हो रही थी।

### सड़क पर घुमंतू...


नपा व यातायात पुलिस दोनों की नजर पड़ती है, लेकिन इसे नजर अंदाज कर देने की मानसिकता के चलते सुबह से देर रात तक चौक-चौराहों में मवेशियों का झुंड रहता है, लेकिन जिम्मेदार उसे हटाने की जहमत कभी नहीं उठाते। कई बार इसके चक्कर में वाहन चालक जल्दबाजी में हादसे का शिकार होते हैं, वहीं कार्रवाई के अभाव में मवेशी मालिकों के हौसले बुलंद है। हालंकि जिला प्रशासन दर्जनों बार व्यवस्थित यातायात व संभावित दुर्घटनाओ को दृष्टिगत रखते हुए मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी लगाने, उन्हें कांजी हाऊस या गोठान में छोड़ने के साथ साथ मवेशी मालिकों को भी समझाइश का निर्देश जारी कर चुका है, लेकिन हमेशा की तरह यहां भी जिला प्रशासन की सुनने को नपा राजी नहीं है।

## बाजार में 100 के ऊपर ही अच्छी व टिकाऊ राखी मिलने लगी

# राखी पर महंगाई की मार, नारियल और मिठाई के बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद





जिले मे राखी के त्यौहार मे महंगाई के साथ जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे हेलमेट लगाओ अभियान का असर देखने को मिला। जहां नारियल, मिठाई से लेकर आवागमन करने में बहनो को जेब ढ़ीली करनी पड़ी। राखी के त्यौहार मे बहने अपनी भाईयो के लिए बाजार से न सिर्फ राखी खरीदती है बल्की राखी के अलावा भाई को देने के लिए नारियल व राखी बांधते समय खिलाने के लिए मिठाई खरीदती है लेकिन लेकिन इस राखी के साथ नारियल और मिठाई बाजार में पहले से महंगे दामो मे बिकने के कारण बहनो को इस बार राखी मे महंगाई का सामना करना पड़ा। जहां राखी पूर्व मे 20 से 50 तक अच्छी टिकाउ राखी बहनो को मिल जाती थी। लेकिन इस बार बाजार मे 100 के ऊपर ही अच्छी व टिकाउ राखी मिलने लगी थी। वही राखी तो बहने अपने पसंद की जैसे तैसे खरीद ही लेती थी लेकिन राखी खरीदने के बाद बहनो को राखी बांधने के समय भाई को देने नारियल भी खरीदनी थी जो पूर्व में 15 से 20 रूपये में मिल जाता था वही नारियल वर्तमान मे 30 रूपये से कम में बाजार में नही मिल रहा था ऐसे मे एक से अधिक भाईयो को राखी बांधने वाली बहने महंगाई के कारण सस्ते नारियल की खोज मे एक दुकान से दूसरे दुकान नारियल पता करते दिखी।

वही वर्तमान मे जो मिठाई 300 किलो तक अच्छी किस्म की मिल जाती थी वह इस राखी 400 से 500 किलो में मिलने लगी थी ऐसे में बहनो की जेब महंगाई ने कर दी।

वही अपने भाई के पास जाकर राखी बांधने का सपना हर बहन का होता है ऐसे मे दोपहिया के माध्यम से सफर करने वाले या तो हेलमेट का उपयोग कर चलते दिखे ताकि रास्ते मे पेट्रोल पंप मे उन्हे हेलमेट न होने के कारण पेट्रोल की दिक्कत न हो और इस दिक्कत से बचने के लिए कई बहने बस के माध्यम से ही सफर करना पसंद करती दिखी जिसके कारण से बस स्टैण्ड मे भाईयो को राखी बांधने जाने वाले बहनो की भीड़ देखने को मिली।

उत्साहः पर्व को लेकर लोगों में दिखा उत्साह, बाजार में दिनभर रही रौनक

# अंचल में धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व शनिवार को शुभ मुहूर्त के चलते सुबह से ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर शहर में दिनभर गहमागहमी का माहौल देखने को मिला। रक्षाबंधन में अपने भाईयों को राखी बांधने, बहनों ने जमकर तैयारियां की थी। विभिन्न प्रकार के पकवानों से सजी थाल के साथ एक से बढ़कर एक सुंदर-सुंदर राखियां भाईयों की कलाई पर सजती रही। बहनों ने भाईयों की कलाई में राखी बांधकर जहां उनके लिए मंगल कामना की, वहीं भाईयों ने बहनों की रक्षा का वचन दिया। रक्षा बंधन के त्यौहार को लेकर वैसे तो सुबह से ही नगर में गहमा-गहमी शुरू हो गई थी। लेकिन जहां तक राखी बांधने का सवाल है तो शुभ मुहुर्त देखकर ही बहनो ने अपने भाईयों की कलाईयों में राखियां बांधी। पर्व को लेकर खासकर छोटे बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। त्यौहार को लेकर बाजार में भी काफी गहमा-गहमी रही। वहीं बसों व टैक्सियों में खासी भीड़ देखी गई। श्रावण पूर्णिमा को मनाया जाने वाला रक्षाबंधन का त्यौहार प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। घरों में लोगों ने शनिवार को सुबह से ही पूजा अर्चना कर अपने इष्टों को राखी अर्पित की। इसके बाद बहनों ने भाईयों के माथे में तिलक लगाकर आरती उतारी तथा राखी बांधकर मुंह मीठा कराया। पारम्परिक रूप से मनाए जाने वाले इस पर्व के मौके पर सभी वर्ग के लोगों में खासा उत्साह देखा गया। जिनमें बच्चे नए कपड़े पहनकर राखी पर्व मनाने में व्यस्त रहे। इस पर्व पर दूर दराज में रहने वाले भाई अपनी बहनों के पास राखी बंधवाने पहुंचे। यात्री वाहन टैक्सी तथा बसों में आज सुबह से ही काफी भीड़-भाड़ रही। नगर के बाजार में भी युवतियों तथा महिलाओं ने मिठाई, राखी, कपड़े, गहने व उपहार की जमकर खरीदी की। सदर बाजार सहित महावीर स्वामी चौक, राजस्थानी मिष्ठान भंडार, कल्पना रेस्टोरेंट हाटल पर्ल कांटिनेंटल व हीरा स्वीट्स में लोगों की काफी भीड़ रही। जिन लोगों ने पर्व के पहले खरीदी नहीं की थी, वे आज खरीदी करने बाजार पहुंचे। जिनमें नगर के अलावा आसपास के ग्रामों में ग्रामीणजन भी थे। नगर के सामाजिक संस्थाओं में भी आज रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। पंडितों तथा ज्योतिर्विदों के अनुसार इस बार रक्षाबंधन के त्यौहार पर भ्रदा की छाया नहीं थी।

### आज रहेगी भोजली उत्सव की धूम



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आज स्थानीय राजमहल में भोजली उत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर महारानी कृति देवी सिंह आम जनता से मुलाकात करेंगी। तत्पश्चात महिला मंडलियों द्वारा भजन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बाद में महारानी कृति देवी द्वारा भोजली की परम्परानुसार विधि विधान से पूजा अर्चना कर भोजली विसर्जित की जायेगी।

# अशोका पब्लिक स्कूल में राखी के धागों से बंधा प्रेम और भाईचारा




हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय अशोका पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम, उत्साह और परंपरागत भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अनेक सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गई, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि विद्यालय की छात्राओं ने न केवल छात्र भाइयों को राखियाँ बाँधीं बल्कि देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के लिए भी राखियाँ बनाई और उन्हें समर्पित कर अपने भावपूर्ण संदेश कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस बल 17वीं सीएएफ बटालियन के अधिकारी, कर्मचारी एवं जवानो के द्वारा प्रेषित किए। इस पहल ने बच्चों में देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को सुदृढ़ किया। इस अवसर पर विद्यालय में राखी एवं थाली सज्जा प्रतियोगितार का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी राखियां और सजी हुई थालियां सभी के आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा गीत, नृत्य और लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई, जो रक्षाबंधन के महत्व और भाई-बहन के पवित्र संबंध को सुंदर रूप में दर्शा रही थीं।

स्नेही एवं आकर्षक कार्यक्रम को विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका श्रीमती सारिका देवांगन ने संबोधित करते हुए बतलाया कि अपनी देश की संस्कृति एवं सभ्यता की पहचान में त्यौहारों का विशेष स्थान होता हैं । बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विभिन्न पर्व हमारे विद्यालय में भी मनाया जाता हैं, ताकि बच्चे अपनी परंपरा को अपने हृदय में आत्मसात कर सके । विद्यालय प्राचार्य एसएल नापित ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक ही नहीं, बल्कि यह सुरक्षा, कर्तव्य और विश्वास का भी पर्व है। हमारे देश के सैनिक हमारे असली रक्षक हैं जो सीमा पर रहकर हमारी रक्षा करते हैं। उन्हें राखी बांधना वास्तव में एक गर्व का क्षण है । यह आयोजन सभी के लिए एक प्रेरणा बन गया कि रक्षाबंधन केवल एक पारिवारिक पर्व नहीं, बल्कि यह उन सभी के प्रति सम्मान और उत्तरदायित्व का प्रतीक है जो हमारी सुरक्षा, सुख और स्वतंत्रता के लिए समर्पित हैं। बच्चों ने न केवल रचनात्मकता सीखी, बल्कि यह भी सीखा कि सच्ची रक्षा का बंधन सेवा, त्याग और समर्पण से जुड़ा होता है। विद्यालय परिसर उत्सव, उल्लास और देशभक्ति के रंगों से सराबोर रहा। रक्षाबंधन कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य लोकनाथ देवांगन के द्वारा सभी उपस्थित वीर सैनिकों,अभिभावकों को उनके उपस्थिति एवं बच्चों को अपना बहुमूल्य समय देकर उनको आशीर्वाद तथा आशीर्वाचन देने हेतु धन्यवाद दिए। बच्चों को उनकी मेहनत से कार्यक्रम की सफलता के लिए सराहा और निरंतर बेहतर प्रयास करने हेतु प्रेरित किया ।

# राम्हेपुर कला का मिडिल स्कूल परिसर बना टापू, बच्चों को उठानी पड़ रही है भारी परेशानी




हरिभूमि न्यूज ⏩ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बोड़ला ब्लॉक के अंतर्गत राम्हेपुर कला स्थित है जहां शासकीय मिडिल स्कूल संचालित हो रहा है, स्कूल परिसर की समतली करण और नाली निकासी के अभाव के कारण जहां बारिश का पानी स्कूल परिसर पर जल भराव हो गया है जो टापू जैसे प्रतीक होने लगे हैं जानकारी के अनुसार नाली निकासी नहीं होने के कारण परिसर पर जल भराव हो रहे हैं जिसे स्कूली बच्चों को प्रार्थना करना मुश्किल हो रहा है स्कूल के अंदर प्रार्थना करना पड़ता है यदि ग्राम पंचायत जनपद पंचायत और जिला पंचायत को संज्ञान लेने की जरूरत है ताकि स्कूल परिसर सीसी और नाली पक्की कराया जाए ताकि स्कूली बच्चों को राहत मिल सके वैसे छात्र-छात्राएं देश का भविष्य होता है इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

# जलेश्वर महादेव प्रांगण में सेन नाई समाज की महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुण्डा



विगत दिनों सर्वसेन नाई समाज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा जलेश्वर महादेव घाट डोंगरिया प्रांगण में भव्य सावन महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सुश्री मोना सेन प्रांतीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ अध्यक्षता पुनीत राम सेन प्रांत अध्यक्ष सर्वसेन समाज अति विशिष्ट अतिथि धनुष राम सेन सदस्य केश शिल्पी बोर्ड एवं उपाध्यक्ष प्रांत सेन समाज विशिष्ट अतिथि मुन्ना श्रीवास तखतपुर नगर पंचायत पार्षद मोहन, श्रीवास पार्षद बिलासपुर कपिल श्रीवास, जिला अध्यक्ष कबीरधाम पुष्पा श्रीवास, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तखतपुर आदि की गरिमामई उपस्थिति रही कार्यक्रम सुबह दस बजे से संत शिरोमणि सेन महाराज के पूजा अर्चना भगवान गणेश के वंदना एवं जालेश्वर महादेव के विधि विधान पूजा से प्रारंभ किया गया कार्यक्रम में सेन समाज से ही मां विंध्यवासिनी रामायण मंडली के द्वारा मानस गान एवं राकेश चंद्रसेन बोड़ला का छत्तीसगढ़ी प्रस्तुति लोक अनुहार कार्यक्रम में समां बांधे रखा समाज के महिलाओं द्वारा अतिथियों के लिए स्वल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस आयोजन में महिला प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारी को मुख्य अतिथि के द्वारा नियुक्ति प्रमाण पत्र एवं समाज के व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया अतिथियों को शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया वहीं पर विकासखंड पंडरिया के पूर्व अध्यक्ष कपिल श्रीवास के द्वारा उपस्थित वरिष्ठ जनों को श्रीफल एवं गमछा देकर सम्मानित किया गया सभी अतिथियों के द्वारा कुल मिलाकर 50 हजार से अधिक की राशि समाज को सहयोग के रूप में दिया गया। मुख्य अतिथि सुश्री मोना सेन एवं अध्यक्ष पुनीत राम सेन तथा धनुष रामसेन एवं मुन्ना श्रीवास तखतपुर मोहन श्रीवास, बिलासपुर के द्वारा अपने उद्बोधन में सामाजिक एकता की बात कही गई साथ ही साथ समाज में संगठनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के लिए हमें तन मन धन से आगे आने की बात कही गई वहीं पर सुश्री मोना सेन के द्वारा अपने व्यक्तिगत मोबाइल नंबर को सार्वजनिक करते हुए कहा गया कि समाज के कोई भी भाई बहन को किसी प्रकार से मेरी सहायता की आवश्यकता हो तो मुझे जरूर याद करें उन्होंने आवश्यक सहयोग प्रदान करने की बात कही कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से जिला कबीरधाम के महिला प्रकोष्ठ सेन नाई समाज के द्वारा किया गया जिसमें अध्यक्ष श्रीमती विद्या श्रीवास का अहम योगदान रहा साथ ही साथ श्रीमती अनुति श्रीवास दुर्गा श्रीवास, श्रीमती गायत्री श्रीवास, श्रीमती जमुना श्रीवास, श्रीमती मधु चंद्रसेन, श्रीमती शकुंतला चंद्रसेन, कपिल श्रीवास कवर्धा नेतराम श्रीवास, कपिल श्रीवास पंडरिया, राकेश चंद्रसेन, प्रमोद चंद्रसेन, नारद श्रीवास, जयराम श्रीवास, अयोध्या श्रीवास, खोमन श्रीवास आदि सभी सामाजिक सदस्यों एवं पदाधिकारी का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम का आभार आयोजक श्रीमती विद्या श्रीवास ने एवं संचालन मन्नू लाल चंद्रसेन ने किया।


### इनोवेशन पब्लिक स्कूल बारदी में वेस्ट मटेरियल से बनी राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



**हरिभूमि बरबसपुर।** सीखना ही जीवन है और सीखने की कोई उम्र नहीं होती है इंसान किसी भी उम्र में सिख सकता है बस सीखने की ललक होनी चाहिए, छोटे-छोटे बच्चे विद्यालयों में सीखते है आखिरकार विद्यालयों को सही मायने में बच्चों को सिखाने के उद्देश्य से ही बनाया गया है, इसी तत्वाधान में बच्चों को सिखाने के तारतम्य में रक्षाबंधन के पावन पर्व पर इनोवेशन पब्लिक स्कूल बारदी में वेस्ट मटेरियल से बनी राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें इस विद्यालय के बच्चों को राखी एवं थाली वेस्ट मटेरियल जैसे पुराने कपड़े, बटन, मोती, रिबन, कार्ड बोर्ड आदि का उपयोग करके बनवाया गया एक प्रकार से यह कबाड़ से जुगाड़ हो गया इसका उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, पर्यावरण के प्रति जागरूकता और भारतीय संस्कृति के महत्व को बढ़ावा देना है। राखी मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया एवं अपने हाथों से बनाई राखी को छात्राओं के द्वारा छात्र को बांधा गया।छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को राखियां बांधकर मुंह मीठा कराया।कार्यक्रम से पहले शिक्षिकाओं ने बच्चों को भाई-बहन के इस पावन पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य महादेव निषाद ने बताया कि बच्चों को हम विद्यालय में विद्या अध्ययन के साथ ही साथ अन्य दैनिक जीवनोपयोगी कार्य भी सिखाते है जिससे सभी बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सके रक्षाबंधन केवल महंगी राखियों और उपहारों तक सीमित नहीं है बल्कि यह त्याग और सहयोग का संकल्प लेने का महापर्व है। कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यापिका संतकुमारी घृतलहरे, प्रगति चंद्रवंशी, पूर्णिमा यादव एवं भुनेश्वरी साहू, वरिष्ठ अध्यापक रामफल साहू एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहकर बच्चों को रक्षाबंधन के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ इस त्यौहार को मनाया और भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का सम्मान किया।

### रक्षाबंधन पर्व...

**कवर्धा।** प्रजापति ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ब्रम्हचारी बहनो ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह को राखी बांधी ।



# रक्षाबधंन पर भाइयों के लिए बहनों का दिखा प्रेम

हरिभूमि न्यूज ⏩ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीण एवं शहरों में सुबह से रक्षाबंधन त्यौहार का उत्सव देखने को मिला बहन भाइयों का विधि विधान से पूजा अर्चना कर गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर हाथों पर राखी बांधा रक्षाबंधन भारतीय धर्म संस्कृति के अनुसार रक्षाबन्धन का त्यौहार श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्यौहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। इस दिन बहन सुबह स्नानादि से निवृत्त होकर लड़कियां और महिलाएं पूजा की थाली सजाती हैं। थाली में राखी के साथ रोली या हल्दी, चावल, दीपक, मिठाई और कुछ पैसे भी होते हैं। लड़के और पुरुष तैयार होकर टीका करवाने के लिये पूजा या किसी उपयुक्त स्थान पर बैठते हैं। पहले अभीष्ट देवता की पूजा की जाती है, इसके बाद रोली या हल्दी से भाई का टीका करके चावल को टीके पर लगाया जाता है और सिर पर छिड़का जाता है, उसकी आरती उतारी जाती है, दाहिनी कलाई पर राखी बाँधी जाती है। भाई अपनी बहन को कुछ उपहार देता है। यह एक हिन्दू त्यौहार है जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। श्रावण सावन में मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी या सलूनो भी कहते हैं। रक्षाबन्धन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्त्व है। राखी कच्चे सूत जैसे सस्ती वस्तु से लेकर रंगीन कलावे, रेशमी धागे, तथा सोने या चांदी जैसी मंहगी वस्तु तक की हो सकती है। रक्षाबंधन भाई-बहन के रिश्ते का प्रसिद्ध यौहार है, रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहने भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती है।

गुरूवाणी की मधुर धुनों के बीच उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, लंगर में हजारों ने ग्रहण की प्रसादी

# कुण्डा दुःख निवारण गुरुद्वारा में चोला परिवर्तन समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏩ कुण्डा

प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी ग्राम कुण्डा स्थित आस्था एवं विश्वास के प्रमुख केन्द्र सोढ़ी दरबार दुःख निवारण गुरुद्वारा में रक्षाबंधन के पावन अवसर पर श्री निशान साहिब का चोला परिवर्तन समारोह धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं प्रदेशभर से आए श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम के अवसर पर गुरुद्वारा को रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों एवं धार्मिक झंडों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। विगत दिनों से जारी खंड पाठ की लड़ी का समापन पूर्णिमा के दिन विधिवत रूप से किया गया। प्रातःकाल से ही गुरूवाणी यश-गान की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु कीर्तन-संगीत में लीन हो गए। कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही कुण्डा, आसपास के गांवों तथा प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु गुरुद्वारा पहुंचने लगे। दोपहर होते-होते विशाल भीड़ की उपस्थिति में श्री निशान साहिब का चोला विधिपूर्वक बदला गया। श्रद्धालुओं ने वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयघोष के साथ वातावरण को गूंजायमान कर दिया। चोला परिवर्तन के बाद गुरुद्वारा प्रांगण में गुरू का अटूट लंगर आयोजित किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंक्ति में बैठकर प्रसादी ग्रहण की। लंगर में न केवल सिख समाज के लोग बल्कि विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए, जो इस आयोजन की सर्वधर्म-संभावना की भावना को दर्शाता है।हर धर्म में है गुरुद्वारा के प्रति आस्था गुरुद्वारा के मुख्य सेवादार बाबा हरदीप सिंह ने बताया कि सोढ़ी दरबार दुःख निवारण गुरुद्वारा के प्रति सिख समाज ही नहीं, बल्कि अन्य धर्मों के लोगों की भी गहरी आस्था है। वर्षों से यहां परंपरागत रूप से ऐसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते आ रहे हैं, जिनमें हर धर्म और वर्ग के लोग एक साथ शामिल होकर भाईचारे का संदेश देते हैं। इस प्रकार, रक्षाबंधन के पावन अवसर पर हुआ यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव का संदेश भी छोड़ गया।

# मक्के स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व



हरिभूमि न्यूज ⏩ कवर्धा

रक्षाबंधन एक पारंपरिक हिंदू त्यौहार है, जो भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक है। इस त्यौहार पर, बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत बनाने और उनके प्रेम को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।

इस त्यौहार पर, बहनें अपने भाइयों को राखी बांधकर उनकी रक्षा करने का वचन लेती हैं और भाई अपनी बहनों की रक्षा और देखभाल करने का वचन देते हैं। इस त्यौहार पर, बहनें अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई राखियों का उपयोग करती हैं। रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक है और यह हमें अपने परिवार और रिश्तों के महत्व को समझने की याद दिलाता है।

यह त्यौहार हमें अपने भाइयों और बहनों के प्रति अपने प्रेम और स्नेह को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। प्रधान पाठिका श्रीमती एल्विना विल्सन सभी बच्चों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी और बच्चों को मिठाइयां खिलाई। यह त्यौहार आपके जीवन में सुख, समृद्धि और प्रेम लाए , एल्विना विल्सन, कपूर राम चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल खण्डे, युगल किशोर साहू, नंदकिशोर साहू, महारानी साहू उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### स.लोहारा महाविद्यालय में बैठक आयोजित

**स.लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में गुरुवार को उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य प्रावधान से बीए. बीकॉम. बीएससी प्रथम सेमेस्टर एवं बीए. बीकॉम. बीएससी तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को अवगत कराने हेतु दीक्षा आरंभ समारोह 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष मिश्रा अध्यक्ष नगर पंचायत सहसपुर लोहारा, विशिष्ट अतिथि लालाराम साहू, मंडल अध्यक्ष भाजपा योगेश साहू, जन भागीदारी अध्यक्ष महाविद्यालय सहसपुर लोहारा अशोक पटेल, जनपद उपाध्यक्ष सहसपुर लोहारा पर्यटन आदि उपस्थित थे।

# जिला सर्व आदिवासी समाज ने विश्व आदिवासी दिवस पर नगर में निकाली महारैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज रूढ़ी जन्य परंपरा आधारित जिला इकाई कवर्धा के संयोजन में 9 अगस्त को जिले में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वआदिवासी समाज द्वारा जिला मुख्यालय कवर्धा में भव्य आयोजन किया गया। जिसमें शामिल होने जिलेभर से समाज के महिला, पुरूष, युवक, युवती तथा समाज के पदाधिकारी बड़ी संख्या में पहुंचे थे। जिले में कार्यरत समस्त सामाजिक संगठन अखिल भारतीय आदिवासी धर्म परिषद, वीरांगना रानी दुर्गावती महिला ब्रिगेड, जिला गोंड समाज सेवा समिति, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति, उरांव समाज, आदिवासी हलबा समाज, जिला बैगा समाज, आदिवासी कंडरा समाज, संवरा समाज, अगरिया समाज, आदिवासी धोबा समाज, कंवर समाज,भील, भिलाला समाज के मातृ शक्ति पितृ शक्ति लया लयोर समाज प्रमुख अधिकारी कर्मचारी के संयुक्त तत्वाधान में 9 अगस्त को मुख्य आयोजन के तहत जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित आदिवासी मंगल भवन में सर्व प्रथम संयुक्त राष्ट्र संघ का ध्वज व देश की आन, बान और शान तिरंगा तथा सतरंगी ध्वजा रोहण समाज प्रमुखों द्वारा किया गया। तत्पश्चात

**महारैली में दिया गया सामाजिक संदेश**



विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर सर्व आदिवासी समाज के तत्वाधान में जिला मुख्यालय कवर्धा में निकाली गई महारैली में तख्तियों के माध्यम से सामाजिक संदेश भी दिया गया। महारैली में शामिल समाज के लोग अपने हांथों में अपने संवैधानिक अधिकार के शत प्रतिशत पालन कराने, भाषा, संस्कृति, देव स्थल आदि को संरक्षित रखने तथा जनगणना में पृथक कॉलम, विश्व आदिवासी दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश की मांग संबंधित तख्तियां लेकर चल रहे थे।

आदिवासी मंगल भवन से विशाल महारैली निकाली गई। आदिवासी समाज के पारंपरिक वाध्य यंत्रों के साथ आंगादेव, कर्मा, रेला पाटा दल, बैगा नृत्य के नर्तक दल से सजी धजी महारैली आदिवासी मंगलभवन से अम्बेडकर चौक, जय स्तम्भ चौक, गुरूनानक गेट, मेन रोड, ऋषभदेव चौक, शीतला मंदिर चौक से होते हुए बुढ़ा महादेव मंदिर, राजमहल चौक से होते हुए रानी दुर्गावती चौक पहुंची। इस दौरान महारैली में शामिल समाज के लोग अपने पारंपरिक वाध्य यंत्रों की थाप में हर्षोल्लास से झूमते नाचते नजर आए। पारंपरिक सामाजिक परिधानों में सजे आदिवासी समाज के मातृ शक्तियां एवं समाज प्रमुख लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहे। महारैली के रानी दुर्गावती चौक पहुंचने पर सामूहिक रेला पाटा का आयोजन किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम के अंत में संगोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर आदिवासी समाज के प्रमुख डॉ संतोष धुर्वे, मीनाक्षी धुर्वे, अमर सिंह कुशरे, इतवारी मछिया, मोती बैगा, इतवारी मरावी, सुखनंदन धुर्वे, रतिराम भट्ट, डॉ आईएस ठाकुर, लखन, कुलदीप कुजूर, आसित तिग्गा, रमेश मरकाम, आसकरण सिंह धुर्वे, पुसू बैगा, अंजोर सिंह सिदार, भूपेंद्र माथले, हरे सिंह वास्केल, सेमलाल, सरजू मरावी, पडिया, कार्तिक मरकाम, संतोष धुर्वे, उत्तम नेताम, मानकुंवर धूमकेती, राजकुमारी धुर्वे, हेमलता धुर्वे, रोशनी मरावी, वतन मरावी कुसुमलता धुर्वे, अनिता सैयाम, शिवकुमार धुर्वे, कल्पना मरावी, रेवती धुर्वे, संतोषी धुर्वे, भगेला मरावी, पीतांबर धुर्वे, कोमल मरकाम, करन सिदार, विजय धुर्वे, प्रेमप्रकाश पोर्ते, विषाणुराम, विनोद कुमार धुर्वे, मानिक मरावी, दीपक, रानी धुर्वे, सीता धुर्वे, जोहारी, नानू बैगा, तिहरू बैगा, संतराम बैगा, हरे सिंह बैगा, शिवराम, मंगलसिंह बैगा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

**दहशत:** मांगों को लेकर गृहमंत्री, कलेक्टर व एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

# कोटवार संघ ने की सुरक्षा की मांग, प्रशासन से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बीते दिनों जिले के बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम भीरा में कोटवार नरेन्द्र दास मानिकपुरी की डंडे लाठी से पीट पीटकर हत्या किए जाने की घटना के सामने आने के बाद जिलेभर के कोटवार दहशत में है और अब दहशतजदा कोटवारों ने जिला कोटवार संघ के बैनर तले जिले के पुलिस अधीक्षक, कलेक्टर तथा गृहमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपकर कोटवारों की सुरक्षा तथा मृतक कोटवार नरेन्द्र दास मानिकपुरी के आश्रितों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

बताया जाता है कि बीते शुक्रवार को जिला कोटवार संघ के बैनर तले जिलेभर के कोटवार बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचे। जहां उन्होने कलेक्टर, एसपी और गृहमंत्री के नाम अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।


इस अवसर पर जिला कोटवार संघ के अध्यक्ष सुरेश दास मानिकपुरी ने कहा कि कोटवार नरेन्द्र दास मानिकपुरी के साथ हुई मारपीट की घटना तथा हत्या न सिर्फ निंदनीय है बल्कि चिंताजनक भी है। कोटवारों ने कहा कि इस घटना के सामने आने के बाद जिलेभर के कोटवारों में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता व्याप्त है। कोटवार 26 विभागों का काम करते हैं, गांव में मुनादी करानी हो या किसी की मौत हो गई हो तो सबसे पहले मौके पर जाकर प्रशासन को अवगत कराते हैं। इसके अलावा राजस्व मामला हो या कोई और सभी काम अपनी पूरी इमानदारी से करते हैं। उसके बावजूद शासन हमें सिर्फ 2200 रुपए मानदेय देती है। कुछ कोटवारों को शासन ने जमीन दी हुई है पर बहुत से कोटवार भूमिहीन हैं और वे भी काम कर रहे हैं। शासन को कोटवारों के लिए सोचने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत है। साथ ही उन्होने मृतक कोटवार नरेंद्र दास मानिकपुरी के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिए जाने तथा मुआवजा की मांग की है। देखने वाली बात होगी की कोटवार संघ की मांग पर शासन-प्रशासन आगे क्या कार्यवाही करता है।



**विवाद के बीच ग्राम भीरा में कोटवार की कर दी गई थी हत्या**

उल्लेखनीय है कि बीते दिनो जिले के बोड़ला थाना क्षेत्रांतग्रत ग्राम भीरा में कोटवार नरेंद्र दास मानिकपुरी की आपसी विवाद के बीच डंडे, लाठी से पीटपीट कर हत्या कर दी गई थी। बताया जाता है कि आरोपी चैन सिंह ने मामूली बात पर डंडे से पीटकर नरेंद्र दास मानिकपुरी को मौत के घाट उतार दिया था। घटना के सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी चैन सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। लेकिन इस घटना के बाद जिलेभर के कोटवारों में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# स्वच्छता दीदियों एवं महिला मोर्चा की बहनों ने नपा अध्यक्ष सिन्हा को रक्षा सूत्र बांधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के कार्यालय पहुंचकर स्वच्छता दीदियों और महिला मोर्चा की बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर पार्षद नीतू कोठारी,सिमरन ताम्रकार एवं ओमेश्वरी साहू ने भी रक्षा सूत्र बांधा और भाईचारे के इस पर्व में शामिल हुईं वही महिला मोर्चा की बहनें ममता साहू, रीना साहू, सहित अन्य बहनों ने भी प्रेम और सुरक्षा का यह बंधन सजाया।

रक्षाबंधन के अवसर पर नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा रक्षाबंधन का पर्व भाईचारे और प्रेम का संदेश देता है।

यह पर्व हमें याद दिलाता है कि सच्ची रक्षा सिर्फ रिश्तों में नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति के सम्मान और सुरक्षा में है।

## हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया रक्षाबंधन पर्व

**दाढ़ी।** अंचल में हर्ष उल्लास के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। यह त्यौहार भाई बहन का प्रेम और बंधन का प्रतीक है जिसमें बहन अपने भाइयों की आरती तिलक सजाकर कलाई पर राखी बांधते हैं और उनकी रक्षा का प्रार्थना करती है जबकि भाई अपनी बहन को उपहार देते हैं और उनकी रक्षा का वचन लेते हैं। रक्षाबंधन सावन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधते हैं। जो एक धागा यह बंधन होता है दाढ़ी आंचल में रक्षाबंधन त्यौहार को लेकर भारी उत्साह पूर्वक रंग बिरंगी राखी खरीदने सुबह से ही बाजार में काफी रौनक रही साथ ही सबसे ज्यादा मिठाई की दुकान पर भीड़ रही।



## नपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने स्वच्छता दीदी से बंधवाई राखी



**कवर्धा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी ने स्वच्छता दीदी से रक्षा सूत्र बंधवाकर त्यौहार की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता दीदी से एक एक करके अपने कलाई में रक्षा सूत्र बंधावाया और सभी नगरवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ भाई-बहन के रिश्ते का त्यौहार नहीं है, बल्कि यह आपसी विश्वास, सम्मान और सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक भी है। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि वे हमारे शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष का यह कदम हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर स्वच्छता दीदी से रक्षा सूत्र बंधवाकर उन्होंने यह संदेश दिया कि सम्मान और स्नेह किसी पद या रिश्ते से नहीं, बल्कि भावनाओं और आपसी विश्वास से जुड़ा होता है। यह पहल हमें सिखाता है कि समाज में हर व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है। चाहे वह स्वच्छता कर्मी हो या किसी अन्य क्षेत्र में सेवा करने वाला। ऐसे कार्य भाईचारे, समानता और मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं।

# ब्रह्माकुमारियों ने रक्षाबंधन पर्व पर पुलिस जवानों व बंदियों को राखी बांधकर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उप सेवा केन्द्र शिवज्योतिभवन कवर्धा में बीके नीलेश्वरी दीदी एवं बीके गोमती दीदी ने उमंग उत्साह से स्थानीय सेवा केन्द्र में नियमित मूल्यनिष्ठ शिक्षा लेने एवं राजयोग के अभ्यासी भाई बहनों को परम पिता परमात्मा के स्नेहभरी राखी बांधी और रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताया।


उन्होने बताया कि मस्तक पर तिलक लगाना माना आत्मस्मृति में रहना सूत्र बंधन माना परमपिता परमात्मा की आत्मिक स्नेह की बंधन में बंधे रहना, मुंह मीठा कराना माना मुख से सदैव श्रेष्ठ एवं मीठी वाणी बोलना तथा उन्होंने राजयोग का अभ्यास कराकर जीवन में श्रेष्ठ एवं सकारात्मक परिवर्तन लाने व जीवन को सुख शांति आनंद पूर्वक जीने के लिए दृढ़ संकल्प कर अच्छाईयों को धारण करने व व्यसनों व बुराईयों को त्यागने के लिए संकल्प पत्र भरवाए और भाईयों को इसके लिए प्रेरित किया। ब्रह्माकुमारियों ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस दौरान वे सांसद संतोष पाण्डेय के निवास, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, श्रीमती सुशीला भट्ट, संतोष पटेल, प्रतिष्ठित व्यापारी लोकचंद मुणोत, सुरेश चोपड़ा, प्रतिष्ठित नागरिक दीपक चौरसिया के निवास, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर राखी बांधी। ब्रह्माकुमारियों ने 17 वीं विशेष वाहिनी सरेखा पहुंचकर वहां जवानों एवं वहां के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी रक्षासूत्र बांधा। वृद्धाश्रम में बुजुर्गो को परमपिता परमात्मा को प्रेम पूर्वक याद कर निश्चिंत रहने की विधि बताई एवं उन्हें भी राखी बांधी। जिला जेल कबीरधाम में जिला जेल अधीक्षक श्री बंजारे को तथा लगभग 250 बंदियों को राखी बांध कर मुंह मीठा कराया गया।



## लायंस क्लब ने जेल में बंद 224 कैदियों को मिठाई खिलाकर राखी बांधी



**कवर्धा।** लायंस क्लब ने आज 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर जिला जेल में बंद 200 से ज़्यादा कैदियों को राखी बांधकर मानवता का संदेश दिया। लायन परिवार की बिटिया खीरभवानी दानी और लायन साथियों ने कैदियों को तिलक लगाया और लड्डू खिलाकर राखी बांधी। ज्ञात हो कि लायंस क्लब 2021 तक पिछले 12 वर्षों से प्रति वर्ष कैदियों को राखी बांधकर सद्भावना और सदाशयता का उदाहरण पेश करता आ रहा था। कोविड प्रोटोकॉल की वजह से यह सिलसिला थम गया था। इस वर्ष से यह सिलसिला पुनः शुरू किया गया है। कैदियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए लायन अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने अपने संबोधन में कहा कि लायंस क्लब यह कार्यक्रम इसलिए करता है ताकि कोई कैदी स्वयं को अकेला न मानकर वृहत्तर समाज से जुड़ा हुआ समझे। उन्होंने कहा कि कैदी बंधु अपराध का प्रायश्चित करें और छूटने के बाद दोबारा कभी ऐसी गलती न करे। लायन अध्यक्ष ने जेल के बैरकों की स्वच्छता, अच्छे खानपान और बेहतर वातावरण की प्रशंसा की। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन नीरज मंजीत छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि भूलवश अपराध करके आए कैदी जेल में सदाचार और अच्छा आचरण रखें तथा सजा पूरी करने के बाद परिवार एवं समाज में लौटकर पुनः अच्छे सदाचारी जीवन की शुरुआत करें।




## स्काउट्स गाइड्स संघ का कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कबीरधाम द्वारा गत 04 से 07 अगस्त 2025 तक अशोका पब्लिक स्कूल छिरहा कवर्धा में तृतीय सोपान/निपूर्ण जांच एवं राज्य पुरस्कार (राज्यपाल पुरस्कार) पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी ने बताया कि इस में स्काउट गाइड व रोवर रेंजर को आगामी राज्यपाल पुरस्कार परीक्षा हेतु पूर्वाभ्यास शिविर आयोजित कर स्काउट गाइड को स्काउटिंग गाइडिंग की इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना, राष्ट्रगान, सैल्यूट, मार्चपास्ट, गणवेश की जानकारी, गांठे, पट्टीयों की जानकारी, नॉट, लेसिंग, ट्रेसल, पायोनियारिंग, समय प्रबंधन, लॉकबुक बनाने की विधि, मंकीब्रिज निर्माण, टेंट पीचिंग, गेजेट्स निर्माण, कैंप फायर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि जानकारी बच्चों को दिया गया। ताकि वे सम्पूर्ण रूप से तैयार होकर परीक्षा मे भाग लें।




## विश्व आदिवासी दिवस पर कबीरधाम में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**कवर्धा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देश एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा जारी स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के तहत विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले के विभिन्न स्थानों में आदिवासियों के अधिकार एवं उनके प्रवर्तन से संबंधित विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए गए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम, श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में आदिवासी समुदाय के लोगों को उनके संवैधानिक व कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। इसी श्रृंखला में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम के सचिव अमन तिग्गा ने नगर के अनुसूचित जाति/जनजाति बालिका छात्रावास एवं अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में छात्र-छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987, बाल श्रम निषेध अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, मोटरयान अधिनियम के अनिवार्य प्रावधान, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012, साइबर अपराध एवं आईटी एक्ट की प्रमुख धाराओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

